दिन–मंगलवार दिनांक– 21 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के अंतिम दिन आज विभिन्न प्रस्तावों पर सहमति बनने और इन्हें घोषणा पत्र के रूप में स्वीकार किये जाने की संभावना।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज किशनगंज जिले में तीन सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

03. पश्चिम चंपारण जिले के मठिया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में छह लोगों की मौत की जांच के लिए चार सदस्यीय कमिटी का गठन।

04. और, राजधानी पटना समेत पूरा प्रदेश घने कुहासे की चपेट में। सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित।

———————————————————————————

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन आज बिहार विधानसभा में परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रस्तावों पर सहमति बनने और इन्हें घोषणा पत्र के रूप में स्वीकार किये जाने की संभावना है। और ब्यौरे के साथ हैं हमारे संवाददाता.......

———बाइट–

सम्मेलन में शामिल हो रहे प्रतिनिधियों के लिए आज शाम पटना के खाजेकलां गंगा घाट पर गंगा महा आरती का आयोजन किया जाएगा।

इधर, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सदन का कामकाज सुचारू रूप से संचालित करने के लिए राजनीतिक दलों से आचार संहिता बनाने की अपील की है। पटना में आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने सदनों की बैठकों की संख्या और अवधि लगातार घटने पर चिंता जताई।

———बाइट———

श्री बिरला ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की हर हाल में सुरक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सहमति और असहमति बनी रहती है, इसके बावजूद सभी को सदन की गरिमा और प्रतिष्ठा का ध्यान रखना चाहिए।

———बाइट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के दौरान किशनगंज जिले में तीन सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से.........

———रिपोर्ट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज जिले को कई विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें रमजान नदी का सौंदर्यीकरण, कॉलेज का उद्घाटन, शिक्षा, पंचायती राज, ऊर्जा और आपदा प्रबंधन विभाग से जुड़ी सौ से अधिक परियोजनाएं शामिल हैं। अपनी यात्रा के क्रम में श्री कुमार ठाकुरगंज, कोचाधामन, पोठिया, बहादुरगंज, किशनगंज प्रखंड का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री हाला—माला में जल जीवन हरियाली, जीविका दीदी स्टॉल और खेल मैदान का निरीक्षण करेंगे। श्री कुमार अधिकारियों के साथ जिले में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए किशनगंज से विशाल कुमार।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के लौरिया थाना के मठिया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत मामले की जांच के लिए जिलाधिकारी ने चार सदस्यीय कमिटी का गठन किया है। प्रभारी जिलाधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि टीम को चौबीस घंटे के अंदर अपनी जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस टीम में सिविल सर्जन, उत्पाद अधीक्षक और नरकटियागंज के एसडीएम और एसडीपीओ शामिल हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि गांव में चिकित्सकों की एक टीम के साथ—साथ प्रशासनिक अधिकारियों की टीम कैंप कर रही हैं। गौरतलब है कि मठिया गांव में पिछले तीन दिनों के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में छह लोगों की मौत हुई है।

———————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार सहित तेईस राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों से सड़क सुरक्षा उपाय और केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने के मामले में जवाब—तलब किया है। न्यायमूति अभय एस. ओका और उज्ज्वल भुईंया की पीठ ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। पीठ ने कहा कि दस लाख

से अधिक आबादी वाले शहरों में यातायात सुगम बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लगाने की आवश्यकता है।

———————————————————————————

पटना स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स में किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू हो गयी है। कल सीतामढ़ी के एक युवक का सफल किडनी प्रत्यारोपण किया गया। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. सौरभ वार्ष्णेय ने बताया कि नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी विभाग की टीम ने पीजीआई, चंडीगढ़ के चिकित्सकों की मदद से किडनी प्रत्यारोपण किया। उन्होंने बताया कि आज दूसरा किडनी प्रत्यारोपण होगा। पटना एम्स राज्य का दूसरा चिकित्सा संस्थान है, जहां किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू हो गयी है। आईजीआईएमएस, पटना में पूर्व से किडनी प्रत्यारोपण हो रहा है।

———————————————————————————

राज्य में अब अड़तालीस घंटे के अंदर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण पोर्टल के माध्यम से बाल सुरक्षा योजना की राशि लाभुकों के बैंक खाते में पहुंच जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने एक फरवरी से डीबीटी पोर्टल से भुगतान अनिवार्य कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पंद्रह जनवरी को इस पोर्टल की शुरूआत की थी।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आज सुबह से घना कोहरा छाया हुआ है। कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। इस बीच, पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के औसत तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा।

———बाइट———

———————————————————————————

समस्तीपुर रेल मंडल के कपरपुरा—कांटी—पिपराहन रेलखंड के दोहरीकरण कार्य के मद्देनजर कल से उनतीस जनवरी तक इस रेलखंड पर मुजफ्फरपुर—रक्सौल और नरकटियागंज—मुजफ्फरपुर समेत दस रेलगाड़ियां रद्द रहेंगी। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य

जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि इस अवधि में बरौनी–बांद्रा टर्मिनस अवध एक्सप्रेस समेत कई अन्य ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलेगी। वहीं, कुछ रेलगाड़ियों का आंशिक समापन भी किया जायेगा।

————————————————————————

शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के तीसरे चरण में चयनित प्राथमिक शिक्षकों की काउंसिलिंग आज से जिला मुख्यालयों में शुरू हो रही है। काउंसलिंग की प्रक्रिया पच्चीस जनवरी तक चलेगी। शिक्षा विभाग ने कहा है कि आवंटित जिले में ही शिक्षकों की काउंसलिंग होगी। इस चरण के तहत प्राथमिक विद्यालयों के लिए इक्कीस हजार नौ सौ ग्यारह शिक्षकों का चयन हुआ है। काउंसलिंग पूरी होने के बाद इन शिक्षकों के पदस्थापन की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

————————————————————————

राज्य सरकार ने सभी निजी और सरकारी कार्यालयों में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक समिति बनाने का निर्देश दिया है। महिला और बाल विकास निगम द्वारा सभी कार्यालयों को एक महीने के अंदर आंतरिक समिति का गठन कर संबंधित रिपोर्ट भेजने को कहा गया है। इसके अलावा निगम ने राज्य के सभी विद्यालय और महाविद्यालयों में भी आंतरिक समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं।

————————————————————————

राजधानी पटना में सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करने वाले दो सौ सैंतालीस कोचिंग संस्थानों को बंद कर दिया गया है। जिलाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि इन कोचिंग संस्थानों में तय सुरक्षा मानकों का उल्लंघन किया जा रहा था।

————————————————————————

बेगूसराय के बीहट में आयोजित राज्य स्तरीय पचासवीं गोल्डन जुबली सीनियर पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता में पटना की टीम विजेता बनी है। फाइनल मैच में पटना ने बेगूसराय को पचास–तीस के अंतर से पराजित किया।

————————————————————————

पंजाब के फगवाड़ा में चल रहे नॉर्थ ईस्ट जोन, इंटर यूनिवर्सिटी भारोत्तोलन प्रतियोगिता में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की खुशी ने रजत पदक जीता है।

————————————————————————

रांची में आयोजित अड़सठवीं राष्ट्रीय विद्यालय ट्रैक साईकिलिंग प्रतियोगिता के अंडर–नाईंटिन आयु वर्ग में बिहार की टीम ने कांस्य पदक जीता है।

——————————————————————————————

बेगूसराय नगर थाना क्षेत्र से एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की टीम ने कुख्यात अपराधी अमली यादव को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर जिले के विभिन्न थाने में मामले दर्ज हैं।

——————————————————————————————

पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र के बिस्कोमान गोलंबर काली मंदिर के पास मद्य निषेध विभाग की टीम में छापेमारी कर एक पिकअप वैन से साठ कार्टन शराब बरामद की है। मौके से चालक को गिरफ्तार कर लिया गया।

——————————————————————————————

मधुबनी के अंधराठाढी गांव में पोखर की खुदाई के दौरान भगवान विष्णु की एक प्राचीन मूर्ति मिली है। क्षेत्रीय अभिलेखागार, दरभंगा के प्रभारी पदाधिकारी सचिन चक्रवर्ती ने बताया कि यह मूर्ति पालकालीन प्रतीत होती है।

——————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारी के सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के संबोधन को अपनी प्रमुख सुर्खी बनाते हुए लिखा है – सभी राजनीतिक दल आचार संहिता बनाएं।

**दैनिक जागरण** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – जीविका से सुधरी बिहारी महिलाओं की आर्थिक स्थिति।

**दैनिक भास्कर** लिखता है –पटना एम्स में पहला किडनी ट्रांसप्लांट पांच घंटे चला, आज एक और होगा।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है –डोनाल्ड ट्रंप बने अमरिका के सैंतालीसवें राष्ट्रपति, ली पद और गोपनीयता की शपथ, स्वर्णिम युग का किया वादा।

**राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – कोलकाता के आर जी कर दुष्कर्म और हत्या मामले में संजय रॉय को उम्र कैद।

**दैनिक आज** ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को प्रमुखता देते हुए लिखा है – जेल से चुनाव लड़ने पर लगे रोक।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के अंतिम दिन आज विभिन्न प्रस्तावों पर सहमति बनने और इन्हें घोषणा पत्र के रूप में स्वीकार किये जाने की संभावना।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज किशनगंज जिले में तीन सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।

03. पश्चिम चंपारण जिले के मठिया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में छह लोगों की मौत की जांच के लिए चार सदस्यीय कमिटी का गठन।

04. और, राजधानी पटना समेत पूरा प्रदेश घने कुहासे की चपेट में। सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।